तुम हमारे हो प्रभु जी | by Sunny Hari

तुम हमारे थे प्रभु जी तुम हमारे हो
तुम हमारे ही रहोगे ओ मेरे प्रियतम
हम तुम्हारे थे प्रभु जी, हम तुम्हारे हैं
हम तुम्हारे ही रहेंगे ओ मेर प्रियतम

तुम्हे छोड़ सु नन्द दुलारे कोई ना मीत हमारो
किसके द्वारे जाए पुकारूँ और ना कोई सहारो
अब तो आकर बांह पकड़ लो, ओ मेरे प्रियतम
तुम हमारे थे प्रभु जी............

तेरे कारण सब जग छोड़ा तुम संग नाता जोड़ा
एक बार प्रभु बस ये कह दो, तू मेरा मैं तेरा
साँची प्रीत की रीत निभा दो ओ मेरे प्रियतम
तुम हमारे थे प्रभु जी............

दास की ये विनती सुन लीज्यो ओ ब्रिज राज दुलारे
आखिरी आस यही जीवन की पूरण करना प्यारे
एक बार ह्रदय से लगा लो ओ मेरे प्रियतम
तुम हमारे थे प्रभु जी............

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%ae-%e0%a4%b9%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a5%8b-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a4%ad%e0%a5%81-%e0%a4%9c%e0%a5%80-by-sunny-hari/